




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, गुरुवार, 02 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 185 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# बंगाल सरकार पर अदालत खफ़ा

## अधिकारियों को बंधक बनाए जाने पर लगायी फटकार, कहा-ये कोर्ट को चुनौती देने जैसा है

● ममता ने दी सफाई, कहा-मेरे हाथ में अब कुछ भी नहीं है

● प्रशासनिक नियंत्रण चुनाव आयोग के पास है और अधिकारी भी उसी के निर्देशों पर काम कर रहे



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में SIR से जुड़े 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर को बंधक बनाए जाने की घटना पर नाराजगी जताई। कहा-उन्हें नौ घंटे बंधक बनाकर रखा। खाना-पानी तक नहीं मिला। यह घटना सोची-समझी और भड़काऊ लगती है। इसका मकसद न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराना और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करना है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था ढह गई है। बेंच ने राज्य के गृह सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से उनकी निष्क्रियता पर जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि ये मामला अदालत को चुनौती देने जैसा है। कोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को भी फटकार लगाई। सीजेआई ने कहा कि मालदा में हुई हिंसा की घटना न्यायपालिका पर दबाव बनाने के साथ-साथ कानून-व्यवस्था को भी चुनौती देने की तरह है। कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने के मामले में सरकार के रवैये को लचर बताया और कहा कि इस मामले में तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई। दरअसल, 7 न्यायिक अधिकारी बुधवार को मालदा के बीडीओ ऑफिस पहुंचे थे। इनमें तीन महिलाएं थीं। तभी वोटर लिस्ट में नाम कटने के विरोध में हजारों लोगों ने ऑफिस को घेर लिया। पश्चिम बंगाल के मालदा में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने की घटना पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस घटना की जानकारी ही नहीं थी और राज्य का प्रशासन अब उनके नियंत्रण में नहीं है। ममता बनर्जी ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। किसी ने मुझे जानकारी नहीं दी।' उन्होंने साफ कहा कि वर्तमान में कानून-व्यवस्था उनके हाथ में नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में प्रशासनिक नियंत्रण अब चुनाव आयोग के पास है और अधिकारी भी उसी के निर्देशों पर काम कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी चुनाव आयोग के पास होती है, इसलिए वही इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बात सुनते हैं, जिससे राज्य सरकार की भूमिका सीमित हो गई है। उनके मुताबिक, राज्य में स्थिति ऐसी हो गई है कि उनकी शक्तियां चुनाव आयोग को सौंप दी गई हैं। मुख्यमंत्री ने मौजूदा हालात को 'सुपर राष्ट्रपति शासन' जैसा बताया। उनका कहना है कि प्रशासनिक ढांचे में बड़े स्तर पर बदलाव किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब राज्य सरकार के पास पहले जैसी शक्तियां नहीं हैं और फैसले लेने की क्षमता भी प्रभावित हुई है। ममता बनर्जी का यह बयान ऐसे समय आया है जब मालदा की घटना को लेकर राजनीतिक और न्यायिक स्तर पर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

## लखनऊ में मस्जिद पर चला बुलडोजर बेदखली को हाई कोर्ट ने माना वैध

**लखनऊ।** सीतापुर के बाद लखनऊ में सरकारी जमीन पर बनाई गई मस्जिद को जमींदोज किया गया। बक्शी का तालाब क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब चार बजे से तीन बुलडोजर लगाकर अवैध मस्जिद गिराई गई। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने लखनऊ जिला प्रशासन के सरकारी जमीन पर मस्जिद के बेदखली के आदेश को वैध माना और सरकार को कार्रवाई जारी रखने में दखल नहीं दिया। अधिकारियों के अनुसार यह निर्माण सरकारी जमीन पर अवैध रूप से किया गया था। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश के तहत की गई। इसके बाद बक्शी का तालाब क्षेत्र में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद को बुल्डोजर की मदद से ध्वस्त किया गया। बक्शी का तालाब क्षेत्र के अस्ती में प्रशासन ने अवैध मस्जिद को ध्वस्त कराया।

## बंगाल में मतदाता सूची पर फिर बवाल, मालदा में विरोध-प्रदर्शन जारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा में गुरुवार सुबह से एक नया विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। इस बार पुराने मालदा ब्लॉक के मंगलबाड़ी इलाके में। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वैध दस्तावेज होने के बावजूद उनके कई नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। गुरुवार को रात में कुछ घंटों के लिए खोले जाने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 को फिर से अवरुद्ध कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने टायरों में आग लगा दी और सड़क को बांस से अवरुद्ध कर दिया। स्थिति पर नजर रखने के लिए मालदा पुलिस स्टेशन की पुलिस टीमों और सीएपीएफ के जवानों को नाकाबंदी स्थल पर तैनात किया गया है।

## टीएमसी से जुड़ी कंपनी के ठिकानों पर ईडी का तलाशी अभियान

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के अनुसार ईडी ने कई शहरों में I-PAC के ठिकानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने बताया कि राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पीएसी के कुछ अधिकारियों से जुड़े परिसरों पर नए सिरे से तलाशी अभियान चलाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये कार्रवाई दिल्ली, बंगलूरू और हैदराबाद में एक साथ की गई है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच हो रही ईडी की इस कार्रवाई को लेकर राजनीतिक हंगामे के आसार हैं। दरअसल, पिछली बार जब ईडी के अफसर कोलकाता में आई-पैक के ठिकाने पर तलाशी लेने पहुंचे थे, तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद वहां पहुंच गई थीं।

## दतिया विधायक राजेंद्र भारती को कोर्ट से तीन साल की सज़ा, संकट में विधायकी

**दतिया।** मध्य प्रदेश के दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को तीन साल की सजा हुई है। इस खबर के बाद सियासी गलियारों में विधायक भारती को लेकर चर्चा जोर पकड़ रही है। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार को दिल्ली की विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट के द्वारा विधायक भारती को दोषी करार दिया गया था। आज सजा सुनाई गई है। राजेंद्र भारती को दिल्ली की विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) घोटाले के मामले में दोषी करार देते हुए तिहाड़ जेल भेज दिया है। कोर्ट ने उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत दोषी पाया। करीब 25 साल पुराने घोटाले के इस मामले में कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती और बैंक कर्मचारी रघुवीर शरण प्रजापति को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोनों को बैंक के साथ धोखाधड़ी, कूटरचना षड्यंत्र का दोषी पाया है।

## दिल्ली-एनसीआर में आंधी-पानी का अलर्ट फिर बरसेंगे बदरा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अप्रैल का पहला सप्ताह भी बारिश के साथ ही बीतेगा। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार से दिल्ली में बारिश का नया दौर शुरू हो सकता है, जो पूरे सप्ताहांत तक जारी रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग द्वारा दिल्ली-एनसीआर में 3 और 4 अप्रैल को तेज हवा के साथ बारिश होने की आशंका जताई गई है। उधर, उत्तर भारत के कई हिस्सों में ओले गिरने की भी आशंका है।

## वायुसेना को मिलेगा हाईटेक माउंटेन रडार 1950 करोड़ में हुई डील

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) के साथ करीब 1950 करोड़ रुपये का बड़ा करार किया है। इस समझौते के तहत भारतीय वायुसेना के लिए दो माउंटेन रडार और उनसे जुड़े उपकरण व इंफ्रास्ट्रक्चर खरीदे जाएंगे। इन रडार की तैनाती और संचालन से देश की एयर डिफेंस क्षमता बढ़ेगी और राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी। साथ ही इससे विदेशी उपकरणों पर निर्भरता भी कम होगी।

# बंगाल में गरजे शाह, लगा गो-बैक का नारा

● टीएमसी कार्यकर्ताओं ने दिखाये काले झंडे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज पश्चिम बंगाल के भवानीपुर में रोड शो किया। उन्होंने कहा- मैं अगले 15 दिन बंगाल में रहने वाला हूं। टीएमसी को जड़ से उखाड़ फेंकने और उसे बंगाल की खाड़ी में फेंकने के लिए किसी को बिना किसी डर के वोट देना चाहिए। कोई भी गुंडा बंगाल के मतदाताओं को नहीं रोक सकता। शाह का काफीला जब कालीघाट पहुंचा, जहां से ममता का घर कुछ ही दूर है वहां पर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने काफिले के सामने जय बंगाल और ममता बनर्जी जिंदाबाद के नारे लगाए। सिर पर काला कपड़ा बांधे लोगों ने अमित शाह गो बैक के नारे लगाए और काले झंडे भी दिखाए। इसके बाद टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं में झड़प होने लगी। पुलिस ने किसी तरह कंट्रोल किया। शाह ने रैली में कहा- सुवेंदु अधिकारी नंदीग्राम से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन मैंने उनसे कहा कि सिर्फ नंदीग्राम में ही नहीं बल्कि हमें ममता को उनके घर में भी हराना होगा।

# राहुल ने रैली में सरकार को घेरा

● देश को चलाने में हर वर्ग को मिले भागीदारी



**गुवाहाटी।** लोकसभा विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी चुनाव प्रचार के लिए असम पहुंचे है। इस दौरान उन्होंने कार्बी आंगलोंग में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कांग्रेस की सोच है, हिंदुस्तान की जनता के हाथ में असली ताकत हो, देश को चलाने में हर वर्ग को भागीदारी मिले। दूसरी तरफ भाजपा की विचारधारा है कि असम को दिल्ली से चलाया जाए। राहुल के अनुसार, यही लड़ाई चल रही है। आपको लगता है कि फैसलों का सिलसिला गुवाहाटी से शुरू होता है, लेकिन ऐसा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि आपकी जमीन छीनकर अडानी अंबानी और पतंजलि बीघा जमीन दे दी गई। हजारों बीघा जमीन दूसरी बड़ी कंपनियों को भी मिली है।

## सेंसेक्स 1500 अंक टूटा, निफ्टी भी 450 अंक फिसला

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध के बीच शेयर बाजार में आज यानी 2 अप्रैल को गिरावट है। सेंसेक्स करीब 1,500 अंक (2%) की गिरावट के साथ 71,600 के स्तर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी 450 अंक (2%) की गिरावट है, ये 22,200 के स्तर पर है। आज बैंकिंग, मेटल, फार्मा और ऑटो शेयर्स में ज्यादा गिरावट है।

# अमेरिका की गुर्राहट पर ईरान की दहाड़!

## ट्रंप की फाइनल वार्निंग को दरकिनार कर ईरान ने फिर किया मिसाइल हमला

● मिडिल ईस्ट में चल रही जंग के बीच हालत गंभीर



**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच हालात और गंभीर हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के कड़े अल्टीमेटम के तुरंत बाद ईरान ने इजराइल की ओर मिसाइलें दाग दीं, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। ईरान ने गुरुवार को इजराइल की तरफ मिसाइल हमला किया। यह हमला उस समय हुआ जब ट्रंप ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में ईरान को चेतावनी दी थी कि वह तुरंत समझौता करे और युद्ध रोके। इजराइल की सेना ने बताया कि उसने ईरान से दागी गई मिसाइलों को पहचान लिया है और उन्हें रोकने के लिए एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय कर दिए गए हैं। सेना के अनुसार तीन घंटे के भीतर यह तीसरी बार था जब मिसाइलें दागी गईं। इजराइल के उत्तरी इलाकों में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। हालांकि, शुरुआती रिपोर्ट्स में किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की खबर नहीं है। यह हमला उस समय हुआ जब ट्रंप ने अपने भाषण में ईरान को 'स्टोन एज' यानी बहुत पीछे धकेलने की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि अगर जल्द कोई समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका कड़ी कार्रवाई करेगा। अपने संबोधन में ट्रंप ने कहा कि अगले दो से तीन हफ्तों में ईरान पर बहुत कड़ा हमला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने सैन्य लक्ष्यों को जल्द पूरा कर लेगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर इस दौरान कोई समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका ईरान के बिजली संयंत्रों और अन्य अहम ढांचों को एक साथ निशाना बनाएगा। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि उनका उद्देश्य सत्ता परिवर्तन नहीं था, लेकिन हालात अपने आप बदल गए हैं।




जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव
● तापमान अधिकतम : 33.7°C
● तापमान न्यूनतम : 18.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 02 अप्रैल, गुरुवार 2026 (3)





हनुमान जयंती के अवसर पर भिखारी से निकली शोभायात्रा में शामिल गदाधारी भक्त व महिलाएं। छाया : जनमुख

# हनुमान जी के बर्थ-डे पर हैप्पी सेलिब्रेशन

## भिखारीपुर से निकली पांच किमी लंबी शोभायात्रा, 1100 गदाधारी श्रद्धालुओं के साथ जुटी हजारों की भीड़

● यात्रा में सात राज्यों की झांकी शामिल रही

● 15000 से ज्यादा महिलाओं ने की भागीदारी



**वाराणसी।** काशी सहित पूरे उत्तर प्रदेश में आज बड़े ही धूमधाम से पवनपुत्र हनुमान की जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर काशी में सबसे बड़ी ध्वजा यात्रा निकली है। इस ध्वजा यात्रा के लिए 1 लाख छोटे-बड़े ध्वज तैयार किए गए हैं। भिखारीपुर से चलने वाली ध्वज यात्रा पूर्वांचल की सबसे बड़ी मात्रा है। इसमें 7 राज्यों की झांकी शामिल हुई हैं। इस यात्रा में हनुमान भक्तों की 5 किलोमीटर से ज्यादा लंबी अटूट कतार है। भक्त नंगे पांव हाथ में ध्वज लेकर संकट मोचन दरबार पहुंचे और बाबा को ध्वज अर्पित किया। इस ध्वज यात्रा के लिए 50 हजार झंडिया, 21 हजार के करीब छोटे ध्वज और 5100 बड़े ध्वज को तैयार किया गया। ध्वज को तैयार करने में महिला शक्ति का विशेष योगदान रहा। इसके लिए समिति से जुड़ी करीब 50 से ज्यादा महिलाओं ने 1 महीने पहले से काम शुरू कर दिया था। ध्वज के अलावा इस यात्रा में 1100 हनुमान भक्त 1100 गदा लेकर एक साथ चल रहे थे। वहीं 60 फीट लंबे रथ पर सजी भगवान श्रीराम की झांकी और राम नाम से भजन कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस ध्वजा यात्रा में 30 हजार से ज्यादा लोग शामिल रहे, जिसमें आधे से अधिक महिलाएं शामिल रहीं। संकट मोचन मंदिर में भव्य आरती हुई। इसके बाद मंदिर के आंगन में हजारों की संख्या में हनुमान भक्त कीर्तन किए। संकट मोचन मंदिर में 24 घंटे अलग-अलग मंडली की ओर से रामचरितमानस का पाठ किया जा रहा है। मिर्जापुर से आए श्रद्धालु हनुमान जी के चांदी की पालकी लेकर पहुंचे हैं। शोभायात्रा में संतों, महंतों और दंडी स्वामि संग प्रमुख रूप से डॉ. चंद्रमौली उपाध्याय, डॉ. एस.एन. सिंह, डॉ गिरीश चंद तिवारी, डॉ. सुभाष पांडे और डॉ. विनय पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में समिति के अध्यक्ष रामबली मौर्य, कोषाध्यक्ष अजय मौर्य, संरक्षक डा. सन्तोष ओझा, त्रिभुवन मौर्य, संकटमोचन मौर्य, अशोक गुप्ता, बबलू सिंह, तारकेश्वर नाथ कुशवाहा, ओमप्रकाश वर्मा, रामदयाल प्रजापति संग अन्य पदाधिकारियों की मुख्य भूमिका रही।

## जयंती पर महावीर का ध्यान और गुणगान

● हनुमान ध्वजा प्रभातफेरी का समापन



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** श्री हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति के तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय यात्रा की अंतिम कड़ी बृहस्पतिवार को हनुमान जन्म उत्सव पर भव्य हनुमत ध्वजा प्रभात फेरी गजब निखरी। कार्यक्रम में गंगा की तर्ज पर भक्तों ने संकट मोचन की आरती उतारी। केदार खंड के महंत टी श्री घुल्ला पालन नारायण शास्त्री संस्था योगाचार्य विजय प्रकाश मिश्रा चिंतामणि गणेश मंदिर के महंत चल्ला सुब्बाराव शास्त्री श्रंगेरी मठ के प्रबंधक चल्ला प्रसाद अध्यक्ष कौशल शर्मा कार्यक्रम संयोजक यतींद्र कथूरिया ने संकट मोचन प्रभु की पूजन अर्चन कर भक्तों को ध्वजा दे कर यात्रा की शुभारंभ की। भक्तों का रेला उमड़ा। यात्रा में संकट मोचन रूपी रथ की भव्य झांकी के साथ भक्त सिद्धार्थ कपूर विवेक शर्मा रघुदेव अग्रवाल जागृत गाड़ोा-दिया अमित अग्रवाल प्रभात खेतान अवधेश अग्रवाल के कंधे पर पालकी में गणेश जी, हनुमान जी व शंकर जी की भव्य झांकी चल रही थी। आगे आगे सौरभ अग्रवाल हनुमान ज्योत लेकर चल रहे थे। यात्रा का मुख्य आकर्षण ऊंचा पताका भी रहा जिसपर हनुमान जी का स्वरूप बना था।

## गंगा में इफ्तार करने वाले 14 आरोपियों की जमानत खारिज

**वाराणसी।** गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी करने के मामले में गिरफ्तार 14 युवकों की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। अपर सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार की अदालत ने सुनवाई के बाद आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। आरोपियों ने 16 मार्च कोतवाली थाना क्षेत्र के पंचगंगा घाट के पास गंगा में नाव पर इफ्तारी की थी। आरोप है कि बिरयानी खाने के बाद उसका अवशेष गंगा में फेंका था। इस मामले में भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रजत जायसवाल ने कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, साथ ही प्रकरण का वीडियो उपलब्ध कराया था। पुलिस ने जांच के बाद 14 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था। साथ ही नाव संचालक विनोद के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई।

## शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** विकास खण्ड चिरईगांव के प्राथमिक विद्यालय गौराकलां में वार्षिक उत्सव के अवसर पर मेधावी छात्र एवं छात्राओं का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल आरती देवी ने व संचालन वरिष्ठ अध्यापिका रेखा उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ राजीव कुमार सिंह सदस्य-राज्य संदर्भ समूह ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान है। अतिथियों ने प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ए आर पी श्रीनिवास सिंह, ग्राम प्रधान राजू, प्रधानाचार्य प्रमोद मौर्य, डॉ एहतेशामुल हक़, सादिया तबस्सुम, अनीता सिंह, शशिकला, ज्योति कुमारी, शक्ति कुमारी, रीता, सोनी, आशा देवी, संजय मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## बीएचयू के छात्र की जाति पूछकर पिटाई

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में परास्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र प्रशांत मिश्र की क्लास में जाति पूछकर पिटाई की गई है। आरोप है कि समाजवादी छात्र सभा बीएचयू इकाई के अध्यक्ष हिमांशु यादव ने गाली गलौज करते हुए पिटाई की। मामले में पीड़ित छात्र ने लंका थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। छात्र प्रशांत मिश्र ने पुलिस को बताया कि बुधवार की सुबह 11.45 बजे क्लास में था। इस दौरान हिमांशु यादव ने उससे जाति और कोर्स पूछा फिर उसकी पिटाई कर दी। आरोपी ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

## मेधावी छात्रों को दिया मेडल और ट्रॉफी



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए उन्हें मेडल/प्रशस्ती पत्र और ट्रॉफी प्रदान किया गया है। पुलिस मॉर्डन स्कूल 34वीं वाहिनी, पी0ए0सी0 को और उच्चीकृत करने के लिए कक्ष 08 से 10 तक की मान्यता प्राप्त करने के लिए कार्यवाही प्रचलित है एवं पुलिस मॉर्डन स्कूल में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान किये जाने के दृष्टिकोण से प्रशिक्षित शिक्षकों के नियुक्ति की कार्यवाही प्रचलित है।

## सुन्दरकांड का संगीतमय पाठ

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** वाराणसी काशी के पवित्र केदारखण्ड चैत शुक्ल पक्ष चतुर्दशी एवं हनुमान जयंती की मंगलमयी पूर्व संध्या पर सुंदरकांड गायक अजय याग्निक के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ पढ़ा गया। सर्वप्रथम संस्था के अध्यक्ष भरत सराफ ने सालासर हनुमानजी का भव्य श्रृंगार किया। आयोजक त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार की ओर से संस्था के अध्यक्ष भरत सराफ ने अजय याग्निक महाराज को दुपट्टा ओढ़ा कर स्वागत किया। सोने के सिंघासन पर विराजमान तीनों विग्रह रानी सती दादी सालासर हनुमान जी खाटू श्याम जी की स्वदेशी फूलों से अलौकिक झांकी सजाई गई। रात्रि में संस्था के अध्यक्ष भरत सराफ मंत्री राधे गोविंद केजरीवाल सपत्नीक ने तीनों विग्रहों की आरती उतारी। संयोजन में त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## उड़ीसा के किसानों की मांगों का किया समर्थन

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्त्ता नागरिक संगठनों ने उड़ीसा सरकार की दमनात्मक कार्यवाही की निंदा करते हुए साथी अरविन्द मूर्ति अक्षय भाई सहित सभी की बिना शर्त रिहाई की मांग की। संगठनों ने कहा कि हम उड़ीसा के किसानों की एमएसपी और अन्य मांगो का समर्थन करते हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले 22 मार्च से नव निर्माण कृषक संघ के तत्वावधान में सैकड़ों किसानों की शांतिपूर्ण पदयात्रा 30 मार्च को फुलनकरा पहुंची थी जहां किसानों की सभा आयोजित थी। नवनिर्माण कृषक संघ के राष्ट्रीय संयोजक अक्षय कुमार के नेतृत्व में लगभग 5,000 किसानों द्वारा 22 मार्च को केंजर घाटागा तारिनी से भुवनेश्वर तक एक शांतिपूर्ण पदयात्रा शुरू की गईं थी।

## सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन के लिए भाजपा ने की बैठक

● तय की गयी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय गुलाब बाग पर महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि की अध्यक्षता में महानगर पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, पार्षदों, पूर्व पार्षदों एवं पार्षद प्रत्याशियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के जीवन चरित्र पर आधारित मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भव्य नाट्यमंचन कार्यक्रम की तैयारी एवं उसकी सफलता सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु महानगर स्तर पर जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। 3 अप्रैल को कैंट विधानसभा के सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहेंगे। 4 अप्रैल को उत्तरी विधानसभा के कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 5 अप्रैल को दक्षिणी विधानसभा के कार्यकर्ता कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करेंगे। इस आयोजन के लिए राहुल सिंह एवं नवीन कपूर को संयोजक नियुक्त किया गया है। बैठक के पहले वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी को राष्ट्रीय वॉलीबॉल संघ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर महानगर अध्यक्ष ने अंगवस्त्रम पहनाकर स्वागत किया एवं बधाई दी। संचालन जगदीश त्रिपाठी ने किया।

## महापौर बने भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** खेल प्रबंधन क्षमता और खेलो इंडिया विजन के प्रति समर्पण को देखते हुए महापौर अशोक कुमार तिवारी को भारतीय वॉलीबॉल महासंघ (वीएफआई ) का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति को उत्तर प्रदेश में वॉलीबॉल के बढ़ते प्रभुत्व के रूप में देखा जा रहा है। महापौर ने इस जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए 'खेलो इंडिया' के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि काशी अब केवल संस्कृति ही नहीं, बल्कि खेलों के क्षेत्र में भी देश का नेतृत्व कर रही है।

## इनकम टैक्स बार एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** इनकम टैक्स बार एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन एवं वर्ष 2026-27 का चुनाव मंगलवार को मकबूल आलम रोड स्थित आयकर भवन में सम्पन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता आशुतोष भारद्वाज ने की। अधिवेशन में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव किया गया जिसमें अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री वरूण सिंह, संयुक्त सचिव प्रशासन अतनु अधिकारी, संयुक्त सचिव पुस्तकालय राकेश कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अभिनव कुमार चौरसिया एवं कार्यकारिणी समिति में ओमप्रकाशघ शुक्ला, योगेश श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह, आनंद कुमार पाण्डेय, अजय कुमार सिंह चुने गए। बैठक में सुभाष चंद, हर्ष सिंह, अरविन्द शुक्ल, रतनचन्द्र वर्मा, लवकुश सिंह, असीम जफर, विपिन शंकर गुप्ता, योगेश श्रीवास्तव, ज्ञानप्रकाश शुक्ला, गोपेश जैन, गौणसेन गुप्ता, नागेश्वर सिंह, महादेव आदि शामिल रहे।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com





## डोमरी में निगम की संकल्पना धरातल पर

● महापौर व नगर आयुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** डोमरी (सुजाबाद) में नगर निगम की संकल्पना अब धरातल पर जीवंत होने लगी है। 350 बीघा में फैले इस विशाल मियावाकी वन, जिसे अब 'ग्रीन काशी' के रूप में नई पहचान मिल रही है। इसकी प्रगति परखने बुधवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल मौके पर पहुंचे। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत रोपे गए 2.51 लाख पौधों की जीवन दर और उनकी स्वस्थ वृद्धि देख महापौर ने संतोष व्यक्त किया। तापमान बढ़ने के साथ ही महापौर ने पौधों के संरक्षण के लिए विशेष कार्ययोजना तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए। नगर निगम ने एक मार्च को एक घंटे में 2,51,446 पौधे रोपकर जो विश्व कीर्तिमान स्थापित किया था, उसकी सुरक्षा के लिए भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पूरे वन क्षेत्र की निगरानी के लिए 25 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। 20 हाईमास्क लाइटें और 24 घंटे सुरक्षा गार्डों की तैनाती की गई है।

## जनसुविधाओं के रखरखाव में लापरवाही की कोई माफ़ी नहीं होगी



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बुधवार को आदि केशव घाट का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि घाटों की स्वच्छता के साथ किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने घाटों पर चौबीसों घंटे सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद रखने का निर्देश दिया। कहा कि सफाई के नाम पर महज खानापूर्ति न होकर धरातल पर दिखना चाहिए। जनसुविधाओं के रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। आदि केशव घाट हमारी सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सफाई निरीक्षकों को निरंतर निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

## मऊ समाचार

### नया शिक्षा सत्र शुरू, टीका लगाकर और माला पहनाकर विद्यार्थियों का किया स्वागत



**मऊ।** जिले के माध्यमिक और परिषदीय विद्यालयों में बुधवार से नया सत्र शुरू हो गया। स्कूल पहुंचने वाले बच्चों का शिक्षकों ने अपने हाथों से रोली-चंदन का टीका और फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। विभाग की तरफ से बच्चों में निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। बच्चों में उत्साह का माहौल रहा। जिले के परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चे और शिक्षक अमर उजाला समाचार पत्र पढ़ते नजर आए। बच्चों और शिक्षकों का कहना था कि अमर उजाला अखबार पढ़ने से सामान्य ज्ञान के साथ देश-विदेश में घटित होने वाली घटनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है। जिले में 1208 परिषदीय, 17 राजकीय, 67 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय सहित 2500 से अधिक विद्यालय हैं। बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग से रिजल्ट लेने के बाद बच्चे बुधवार को विद्यालय की अगली कक्षा में पहुंचे तो काफी उत्साहित नजर आए। विभाग की तरफ से पहले दिन बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित कराई गईं। नगर के शिक्षा विभाग कॉलोनी स्थित प्राथमिक विद्यालय पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय ने बच्चों को फूलमाला पहनाकर तिलक लगाकर स्वागत किया। नामांकित बच्चों को पाठ्य-पुस्तक वितरित की गई।

## सुल्तानपुर समाचार

### जांच करने जा रही अभियंताओं की टीम पर हमला

**मालीपुर (अंबेडकरनगर)।** सुल्तानपुर के उत्तर प्रदेश श्रम एवं विकास सहकारिता विभाग और जिला पंचायत के अभियंताओं समेत पांच लोगों की बेवाना क्षेत्र में बाइक सवार हमलावरों ने पिटाई कर दी। इसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दो नामजद व अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

सुल्तानपुर के संसरारपुर निवासी मुकेश निषाद के मुताबिक 30 मार्च को उत्तर प्रदेश श्रम एवं विकास सहकारिता विभाग के अवर अभियंता प्रमोद कुमार गुप्ता, जिला पंचायत के अभियंता अनिल सिंह और मालीपुर निवासी अधिवक्ता सौरभ सिंह के साथ सरकारी जांच में जा रहे थे। 30 मार्च को टीम बेवाना के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे 161 के पास महरुआ रोड की तरफ पहुंचे थे।

## जौनपुर समाचार

### नहाते समय सई नदी में डूबे दो किशोर, एक की मौत



**बरईपार (जौनपुर)।** तेजीबाजार थाना क्षेत्र के कोलियावीर घाट पर सई नदी में स्नान कर रहे दो किशोर डूब गए। आसपास के लोगों ने दोनों को किसी तरह से बाहर निकाला। लेकिन, एक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरी की हालत सामान्य है। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और ननिहाल में रहकर पढ़ाई करता था।

किशुनीपुर गांव निवासी चंदन यादव के घर रहकर प्रियांशु यादव (14) पढ़ाई करता था। बुधवार की दोपहर अपने कुछ साथियों के साथ वह तीन किमी दूर सई नदी के कोलियावीर घाट पर गया था। यहां नहाने के दौरान प्रियांशु और अधकचा गांव निवासी आयुष यादव (15) पुत्र अंजनी यादव डूबने लगे। अन्य साथियों के शोर मचाने पर गेहूं काट रहे किसान पहुंचे और किसी तरह दोनों को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे और आनन फानन में दोनों को मछलीशहर सीएचसी ले गए।

वहां चिकित्सक ने प्रियांशु को मृत घोषित कर दिया। वह मूल रूप से प्रतापगढ़ का रहने वाला था। उसके पिता बरईपार में दुकान चलाते हैं। वह माता-पिता का इकलौता बेटा था। दूसरे किशोर की हालत ठीक बताई जा रही है।

## चंदौली समाचार

### चंदौली एसपी ने क्रॉस-बॉर्डर अपराध रोकने को लेकर की बैठक

**चंदौली।** नवागत पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने बुधवार को अपनी कार्ययोजना साझा की। उन्होंने कहा कि जिले में क्रॉस-बॉर्डर आपराधिक गतिविधियों को रोकना उनकी प्राथमिकता होगी। चंदौली दो राज्यों की सीमा पर स्थित होने के कारण मादक पदार्थों और गोवंश की तस्करी के मामले सामने आते हैं। एसपी पटेल ने बताया कि जिले में मनबढ़ प्रवृत्ति के अपराधियों पर भी पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जोर दिया कि समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और इसमें बाधा डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने थानों पर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने पर भी जोर दिया।

## गाजीपुर समाचार

### जनता की सुरक्षा सर्वोपरि, लटक रहे बिजली के तार हटवाएं : एके शर्मा



**गाजीपुर।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बुधवार को लखनऊ से बलिया जाते समय महड़ौर मार्ग पर विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण किया। सड़क किनारे और आबादी वाले क्षेत्रों में लटक रहे बिजली के तारों को देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार को फोन कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें किसी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं है। मंत्री ने क्षेत्र के सभी जर्जर व लटके तारों को तत्काल ठीक कराने को कहा। मंत्री एके शर्मा बलिया के रसड़ा स्थित नागा जी सरस्वती विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव में शामिल होने जा रहे थे। ऊर्जा मंत्री का भाजपाजनों ने किया स्वागत : गंगौली। कासिमाबाद में उत्तर प्रदेश के नगर विकास व उर्जा मंत्री एके शर्मा का बुधवार को रसड़ा जाते समय भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर धर्मेंद्र नाथ राय, शुभांशु मिश्रा, ओमप्रकाश गुप्ता, आयुष राय, रामभवन पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सोनभद्र समाचार

### छात्र ने लगाया फंदा, सुसाइड नोट में लिखी ऐसी बात कि पुलिस भी रह गई हैरान

**सोनभद्र।** युवक के फंदा लगाने की सूचना पाकर मौके पर विंढमगंज थाने की पुलिस भी पहुंच गई। परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कमरे में एक सुसाइड नोट भी मिला है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पोलवा गांव निवासी आनंद पांडेय का पुत्र देवानंद मंगलवार की शाम करीब पांच बजे तक अपने घर के पास दोस्तों के साथ देखा गया था। इसके बाद देर शाम तक वह नजर नहीं आया। परिजनों ने पहले आसपास और परिचितों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः जब घर के भीतर खोजबीन की गई, तो एक कमरे में देवानंद का शव बड़ेर (छत की बल्ली) से गमछे के सहारे लटका हुआ मिला।

## मीरजापुर समाचार

### स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का मा0 उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, मा0 विधायक नगर, मड़िहान, मझवां, छानबे एवं जिलाधिकारी ने माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ



**मीरजापुर।** 01 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक चलने प्रथम चरण स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में एक भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मा0 उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सो. हनलाल श्रीमाली, मा0 विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मा0 विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, मा0 विधायक मझवां षुचिस्मिता मौर्या, मा0 विधायक छानबे रिंकी कोल एवं जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने प्रज्जवलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मा0 उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, मा0 विधायकगण एवं जिलाधिकारी के द्वारा विगत सत्र में सर्वाधित नामांकन करने वाले 10 स्कूल व निपुण हुए 375 स्कूलो में से 100 स्कूलो के प्रधान अध्यापको को सम्मानित किया गया। तत्पष्चात उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, मा0 विधायकगण ने स्कूल चलो अभियान के तहत कलेक्ट्रेट से कम्पोजिट विद्यालय पंडित मदन मोहन मालवीय फतहा व प्राथमिक पाठशाला बृज किशोर नगर पालिका परिषद मीरजापुर के छात्रो के द्वारा निकाली गई रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया जिसका समापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचने पर किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहनलाल श्रीमाली ने कहा कि जब स्कूल खुलता है तो बच्चों के मन में एक उमंग व उत्साह आता है कि अब हम स्कूल जाने वाले हैं वह अपने पठान–पाठन की सामग्री तैयार करते हैं और इसी प्रकार का उत्साह शिक्षक गणों के अंदर भी रहता है कि यह सत्र हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षकगण की यही मंशा होती है कि उनके छात्र उनसे भी अधिक प्रतिभावान बने।

## बलिया समाचार

### मकान का मुआवजा नहीं देने पर डीएम को नोटिस

**जयप्रकाशनगर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने ग्रीन-फील्ड एक्सप्रेस-वे परियोजना में ध्वस्त मकान के मुआवजे के लंबित भुगतान के मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम बलिया को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस अनुसूचित जाति की महिला शिव कुमारी देवी की शिकायत के आधार पर भेजा गया है। आयोग में 19 मार्च को दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ग्राम सुकरौली तहसील बैरिया निवासी शिव कुमारी देवी का मकान ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे परियोजना के तहत ध्वस्त कर दिया गया, लेकिन अब तक 5.30 लाख का मुआवजा भुगतान नहीं किया गया है। मामले का संज्ञान लेते हुए आयोग ने जांच शुरू करने का निर्णय लिया है। आयोग ने जिलाधिकारी से 15 दिनों के भीतर इस मामले में की गई कार्रवाई और सभी तथ्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

## गोरखपुर समाचार

### कटहल का सूखा पेड़ बाइक सवार पर गिरा, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर रुप से घायल



**गोरखपुर।** कैंट थाना क्षेत्र में रेलवे जीएम कार्यालय रोड स्थित एक जर्जर कटहल का सूखा पेड़ अचानक वहां से निकल रहे बाइक सवारों के ऊपर गिर गया। हादसे में बाइक सवार बिछिया निवासी जितेंद्र शुक्ल (38) की मौत हो गई, जबकि उनके साथी व पत्रकार प्रमोद पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी संजय सिंह के अनुसार, प्रमोद पाल और जितेंद्र शुक्ल अपराह्न करीब चार बजे बाइक से शास्त्री चौक से घर की ओर जा रहे थे। वह रेलवे जीएम ऑफिस के सामने पहुंचे थे, तभी सड़क किनारे खड़ा कटहल का सूखा पेड़ अचानक गिर गया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जितेंद्र शुक्ल की नाजुक स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर किया। परिजन उन्हें पहले एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। इसके बाद मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। वहीं, स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समय रहते पेड़ों की छंटाई और सूख चुके पेड़ों को न हटाने की व्यवस्था के चलते ऐसे हादसे हो रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर शहर में सड़क किनारे खड़े खतरनाक पेड़ों के रखरखाव पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## भदोही समाचार

### दर्शन करके लौट रहे युवकों की स्कूटी पुलिया से टकराई, एक की मौत

**घोसिया।** औराई के टेढ़वा चौकी के पास मंगलवार की शाम को सड़क दुर्घटना में एक व्यापारी की मौत हो गई। वहीं, उनके दोस्त घायल हो गए। दोनों मां विंध्यवासिनी धाम से दर्शन करके घर लौट रहे थे। उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। औराई के घाटमपुर माधोसिंह निवासी अनिल कुमार उमरवैश्य (40) की गांव में दुकान हैं। मंगलवार की शाम को गांव निवासी वे अपने दोस्त हनुमान गुप्ता (38) के साथ स्कूटी से मिर्जापुर मां विंध्यवासिनी धाम दर्शन करने गए थे। दर्शन करने के बाद दोनों घर लौट रहे थे। टेढ़वा पुलिस चौकी के पास अचानक स्कूटी अनियंत्रित हो गई और पुलिया में टकरा गई। स्कूटी इतनी तेज थी कि अनिल कुमार उमरवैश्य की मौके पर ही मौत हो गई।

## प्रयागराज समाचार

### मेट्रो के रूट में प्रयागराज एयरपोर्ट भी होगा शामिल, रिपोर्ट में किया जा रहा संशोधन



**प्रयागराज।** मेट्रो के रूट में अब प्रयागराज एयरपोर्ट को भी शामिल किया जाएगा। साथ ही संगम पर रोपवे और मेट्रो का संयुक्त रूप से एक स्टेशन बनाने की योजना है। प्रयागराज में मेट्रो संचालन को लेकर तैयार की जा रही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में ये दो महत्वपूर्ण बदलाव किए जा रहे हैं। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) अप्रैल के अंत तक रिपोर्ट शासन को भेजेगा।पहले जो प्रस्ताव तैयार किया जा रहा था, उसके अनुसार मेट्रो बमरौली को झूंसी और फाफामऊ को नैनी से जोड़ती। इस बीच केंद्र सरकार का एक नया निर्देश आया कि जहां भी मेट्रो पर काम हो रहा है, वहां एयरपोर्ट के रूट को उसमें अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। सरकार की मंशा है कि बजट से ज्यादा यात्रियों की सुविधा पर ध्यान दिया जाए। इसलिए अतिरिक्त बजट पर यह काम किया जाएगा। इसके बाद पीडीए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में संशोधन कर रहा है। झूंसी को बमरौली से जोड़ने वाले रूट को अब प्रयागराज एयरपोर्ट तक विस्तारित किया जाएगा। हालांकि, मेट्रो का यह नया रूट कई जगह सेना की जमीन के ऊपर से होकर निकलेगा। ऐसे में पीडीए को सेना से मंजूरी लेनी होगी। इसके लिए प्राधिकरण के अधिकारी सेना के संबंधित अफसरों से बातचीत कर रहे हैं।इसके अलावा एक अन्य महत्वपूर्ण बदलाव भी किया जा रहा है। पीडीए के अफसर इस प्रयास में हैं कि संगम पर मेट्रो का स्टेशन ऐसी जगह बनाया जाए, जहां रोपवे का स्टेशन भी हो, ताकि बाहर से आने वाले पर्यटकों को रोपवे तक पहुंचने में सहूलियत हो। साथ ही मेट्रो को प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों से जोड़ने की योजना भी है।

## गाजीपुर समाचार

### मौसम बदलते ही बच्चे वायरल बुखार से पीड़ित



**बलरामपुर।** जिला अस्पताल के बाल रोग विभाग में इन दिनों बच्चों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बदलते मौसम का असर छोटे बच्चों की सेहत पर साफ दिखाई दे रहा है।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एस्के विमल के अनुसार, प्रतिदिन ओपीडी में करीब 50 से 60 बच्चे इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें से लगभग 25 से 30 बच्चे सर्दी, जुकाम और खांसी से पीड़ित हैं, जबकि 6 से 7 बच्चे उल्टी और दस्त की समस्या लेकर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान मौसम में वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है। इससे बच्चों में बुखार, खांसी और पेट संबंधी दिक्कतें आम हो गई हैं। उन्होंने अभिभावकों को सचेत करते हुए कहा कि बच्चों में दिखने वाले शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज न करें।

समय पर इलाज न मिलने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। यदि बच्चे को सांस लेने में परेशानी, तेज बुखार या लगातार उल्टी-दस्त हो तो तुरंत अस्पताल ले जाएं। उन्होंने साफ-सफाई और खानपान में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है, ताकि बच्चों को संक्रमण से बचाया जा सके।

## देवरिया समाचार

### देवरिया में सिरफल तोड़ते समय हादसा, गंभीर चोटों से पीड़ित व्यक्ति, इलाज के दौरान गई जान



**देवरिया।** सिरफल तोड़ते समय पेड़ से गिरने से घायल हुए 55 वर्षीय रामनाथ प्रसाद की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंजरिया में हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामनाथ प्रसाद पुत्र वंशी प्रसाद अपने घर के पास लगे सिरफल के पेड़ पर चढ़कर फल तोड़ रहे थे। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़े, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज, देवरिया पहुंचाया।

प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें गोरखपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई।

पुलिस को घटना की सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**देवरिया।** सुरौली थाना क्षेत्र स्थित बरडीला अली गांव में बुधवार देर रात एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।मृतक की पहचान गांव निवासी रविन्द्र पाण्डेय के बड़े पुत्र अजय पाण्डेय (32) के रूप में हुई है। अजय घर पर रहकर यजमानों के यहां पूजा-पाठ का कार्य करते थे। उनका छोटा भाई इंद्रजीत विदेश (दुबई) में रहता है। परिजनों के अनुसार, बुधवार शाम अजय किसी काम से घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। रात करीब 11 बजे गांव के कुछ लोगों ने पश्चिम दिशा में स्थित एक खेत में आम के पेड़ से एक शव लटका हुआ देखा। पास जाकर देखने पर उसकी पहचान अजय पाण्डेय के रूप में हुई।

## लाइफ मंत्र

### वरुथिनी एकादशी पर लग रहा राज पंचक, जानें क्या करें और क्या नहीं?




सनातन धर्म और ज्योतिष शास्त्र में पंचक को एक ऐसा समय माना गया है, जिसमें कुछ विशेष कार्यों को करने की मनाही होती है। वर्ष 2026 में अप्रैल का महीना आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दौरान वरुथिनी एकादशी जैसा पुण्यदायी व्रत आ रहा है। लेकिन, इस बार वरुथिनी एकादशी के साथ राज पंचक का संयोग बन रहा है, जो इसे और भी विशिष्ट बना देता है।

**पंचक क्या है और यह राज पंचक क्यों है?**

ज्योतिष गणना के अनुसार, जब चंद्रमा धनिष्ठा नक्षत्र के उत्तरार्ध, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद और रेवती नक्षत्र में गोचर करता है, तो उस समय को 'पंचक' कहा जाता है। सरल शब्दों में, जब चंद्रमा कुंभ और मीन राशि में होता है, तो यह पांच दिनों का समय पंचक कहलाता है।

**राज पंचक का महत्वः**

जब पंचक की शुरुआत सोमवार को होती है, तो उसे राज पंचक कहा जाता है। अप्रैल 2026 में पंचक का आरंभ सोमवार से हो रहा है। जैसा कि नाम से स्पष्ट है, राज पंचक को अन्य पंचकों (जैसे मृत्यु पंचक या अग्नि पंचक) की तुलना में शुभ माना गया है। यह पंचक सरकारी कार्यों में सफलता, संपत्ति प्राप्ति और राजपद के लिए अनुकूल माना जाता है लेकिन फिर भी पंचक के बुनियादी वर्जित नियम यहां लागू रहते हैं।

**अप्रैल 2026 राज पंचक और वरुथिनी एकादशी की तिथियां**

वर्ष 2026 में वरुथिनी एकादशी और अप्रैल महीने के पंचक का समय कुछ इस प्रकार रहने की संभावना हैः

**राज पंचक प्रारंभः** 13 अप्रैल 2026 (सोमवार)

**राज पंचक समाप्तः** 17 अप्रैल 2026 (शुक्रवार)

**वरुथिनी एकादशीः** 13 अप्रैल 2026 (सोमवार)

**विशेष संयोगः** 13 अप्रैल को वरुथिनी एकादशी भी है और इसी दिन से राज पंचक भी शुरू हो रहा है। वरुथिनी एकादशी का व्रत सौभाग्य प्रदान करने वाला और पापों को नष्ट करने वाला माना जाता है। ऐसे में राज पंचक के दौरान किया गया दान और भगवान विष्णु का पूजन अक्षय फल प्रदान करेगा।

**राज पंचक में क्या न करें?**

भले ही राज पंचक को शुभ फल देने वाला माना गया है लेकिन शास्त्रों के अनुसार पंचक के दौरान निम्नलिखित 5 कार्यों को करना वर्जित माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इन कार्यों को करने से हानि पांच गुना बढ़ जाती हैः

**लकड़ी का संचयः** पंचक के दौरान लकड़ी, घास या ईंधन इकट्ठा नहीं करना चाहिए। इससे अग्नि का भय बना रहता है।

**दक्षिण दिशा की यात्राः** दक्षिण दिशा को यम की दिशा माना गया है। पंचक के दौरान इस दिशा में यात्रा करना कष्टकारी हो सकता है।

**घर की छत डलवानाः** यदि आप घर बनवा रहे हैं, तो पंचक के दौरान लेंटर या छत डालने का कार्य टाल देना चाहिए।

**चारपाई या बिस्तर बनानाः** पंचक काल में नई चारपाई बुनना या नया बेड/गद्दा खरीदना शुभ नहीं माना जाता।

**अंतिम संस्कार में विशेष सावधानीः** पंचक में यदि किसी की मृत्यु हो जाती है, तो उसके साथ 5 पुतले बनाकर जलाने का विधान है, ताकि परिवार पर आने वाले 'पंचक दोष' को शांत किया जा सके।

**क्या करें? (वरुथिनी एकादशी और राज पंचक का लाभ)**

**वरुथिनी एकादशी का व्रत**

इस दिन भगवान विष्णु के मधुसूदन रूप की पूजा करें। राज पंचक में किए गए धार्मिक अनुष्ठान आपको मान-सम्मान दिलाते हैं। वरुथिनी एकादशी के प्रभाव से व्यक्ति को भौतिक सुख और अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**सरकारी और संपत्ति संबंधी कार्य**

राज पंचक सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों या राजनीति से जुड़े लोगों के लिए अच्छा होता है। इस दौरान आप नई योजनाओं की रूपरेखा बना सकते हैं। भूमि-भवन से जुड़े कागजी काम किए जा सकते हैं, बशर्ते निर्माण कार्य शुरू न हो।

**दान और पुण्य**

एकादशी के दिन तिल, अन्न, जल और सोने का दान करना श्रेष्ठ है। पंचक के दौरान किया गया दान आने वाले समय में आपके ऐश्वर्य में वृद्धि करता है।


# ज़िंदगी और छुट्टियां



नासमझ लोग आवाज़ उठाते रहते हैं कि एक परिवार से एक ही बंदा सरकारी नौकरी में होना चाहिए। वह बात दीगर है कि ऐसी बातों को मानवाधिकारों का हनन माना जाता है। सरकारी नौकरी करने वाले तो अपने बच्चों को भी ऐसी कोचिंग देते हैं कि वे किसी तरह सरकारी नौकरी में घुस जाएं। एआई से जो मर्ज़ी पूछ लीजिए, तन मन चाही जगहों पर अपनी तस्वीरें बनवा लीजिए लेकिन घुमक्कड़ी का लुत्फ़ उठाने के लिए वहां सशरीर ही जाना पडेगा। उससे पहले माल चाहिए और छुट्टी भी। एक बार मिली ज़िंदगी में सबसे ज़्यादा छुट्टियां सरकारी नौकरी में ही हो सकती हैं। पति या पत्नी सरकारी नौकरी में हों तो किस्मत और जुगाड़ दोनों जेब में रह सकते हैं। पोस्टिंग का प्रबंधन भी हो जाता है। सरकारी नौकरी की तो वाह वाह है जी। आम समाज में उन लोगों की सामाजिक रेटिंग कम रहती है जिनके परिवार से एक भी व्यक्ति सरकारी नौकरी में नहीं होता। सरकार जी के वश में हो तो सभी को सरकारी नौकरी दे दे और अपने वोट पक्के कर ले। नासमझ लोग आवाज़ उठाते रहते हैं कि एक परिवार से एक ही बंदा सरकारी नौकरी में होना चाहिए। वह बात दीगर है कि ऐसी बातों को मानवाधिकारों का हनन माना जाता है। सरकारी नौकरी करने वाले तो अपने बच्चों को भी ऐसी कोचिंग देते हैं कि वे किसी तरह सरकारी नौकरी में घुस जाएं। निजीकरण के ज़माने में भी सरकारी नौकरी की चाहत कम नहीं होती जी।

**छुट्टियों का खज़ाना जमा**

आम तौर पर साल के दौरान होने वाली छुट्टियां, ज़िंदगी में बहार की तरह आती हैं लेकिन रविवार को घोषित छुट्टियां पतझड़ सी उदासी लाती हैं। अगर यही अवकाश दूसरे वार को हों तो मौसम सुहाना रहता है। कई बार वैकल्पिक अवकाश भी रविवार को आते रहे हैं जो अनचाही तेज़ बारिश वाले दिन की तरह होते हैं । कई त्योहारों या प्रसिद्ध जन्मदिन का अवकाश, शनिवार या सोमवार को रहता है तो स्थानीय मेला सा लगता है। अगर कोई छुट्टी दूसरे शनिवार को घोषित हो जाए तो इस बात की भी तारीफ़ नहीं की जाती क्योंकि उस दिन पहले ही अवकाश होता है। एक राज्य में, बावन वीकेंड यानी शनिवार रविवार मिलाकर, एक सौ सत्ताईस अवकाश हैं। दूसरे राज्य में तीन अवकाश ज्यादा हैं। इसके इलावा तीन ऐच्छिक, तेरह आकस्मिक, पंद्रह मेडिकल, तीस अर्जित यानी साल में छ महीने की शानदार छुट्टी। इतनी छुट्टियां हैं कि हर दूसरे दिन दफ्तर जाने की सुविधा है। किसी आम व्यक्ति ने काम से जाना हो तो उसे पहले पता कर लेना चाहिए, फलां कर्मचारीजी आज अवकाश पर तो नहीं। दो तीन सप्ताह के बाद, तीन दिन का सप्ताहांत भी उपलब्ध है। कुछ छुट्टियां शुक्रवार या शनिवार को भी होती हैं जिनके साथ एक छुट्टी लेकर कई छुट्टियां एक साथ हो सकती हैं। एक छुट्टी ले लेने से चार दिन की छुट्टी हो जाती है और दो लेने से पांच या छ दिन का थका देने वाला आराम। काफी ज़्यादा समझदार लोगों का सुझाव है कि यदि कोई त्योहार या अवकाश दूसरे शनिवार या रविवार को आ रहा हो, उसकी सरकारी छुट्टी किसी अन्य वार को कर देनी चाहिए, जिस वार को पहले से छुट्टी न हो। सरकार अपने सभी काम समझदारी से करती है, सुबह से शाम तक खूब काम करने वाले कर्मचारियों को मिलने वाली छुट्टियां ही उचित तरीके से नहीं करती। कुछ छुट्टियों का दिन बदल दे तो वोट बैंक ही बढेगा। इस तरह सरकारी राजनीतिक पार्टी, काफी वोटें, आने वाले चुनाव के लिए अपने पक्ष में सुनिश्चित कर सकती है। छुट्टियों का खालिस मज़ा लेने के लिए सरकारी नौकरी में प्रवेश करने की कोशिश करते रहना बहुत ज़रूरी है।



# किराये का दुख (व्यंग्य)

**प्रचार के अंतिम चरण में घपलेराम ने गांव की चौपाल पर एक 'आँसू-बैंक' स्थापित किया। यह वास्तव में एक पुराना वाटर कूलर था जिस पर उन्होंने 'संवेदना संग्राहक' लिखवा दिया था। उन्होंने गांव वालों को पट्टी पढ़ाई कि जो भी व्यक्ति उन्हें वोट देने की प्रतिज्ञा करेगा, उसके जीवन के सारे 'सामाजिक कर्तव्य' यह मशीन स्वचालित रूप से निभा देगी।**

कंचनपुर गांव के चतुर सुजान 'घपलेराम' ने जब इस बार प्रधानी का चुनाव लड़ा, तो उन्होंने गांव की सबसे बड़ी और प्राकृतिक समस्या को अपना हथियार बनाया— 'समय का अभाव'। घपलेराम का तर्क था कि आज का ग्रामीण इतना व्यस्त है कि उसके पास अपने रिश्तेदारों की मृत्यु पर रोने या बीमार पड़ोसी का हाल चाल पूछने तक का समय नहीं है। उन्होंने अपने घोषणापत्र में वादा किया कि जीतते ही वे गांव में 'इमोशनल आउटसोर्सिंग केंद्र' खोलेंगे। यदि आपके घर में कोई गमी हो जाए और आपको दफ्तर जाना हो, तो सरकार की ओर से 'प्रोफेशनल रोदली' भेजी जाएगी जो आपके हिस्से का विलाप ससुरारी धुन में करेगी। गांव के लोग, जो सामाजिक लोकलाज और काम के बोझ के बीच पिसे जा रहे थे, अचानक इस 'किराये की संवेदना' वाले विचार पर ऐसे रीझे कि उन्हें घपलेराम साक्षात कलयुग के श्रवण कुमार लगने लगे।

प्रचार के अंतिम चरण में घपलेराम ने गांव की चौपाल पर एक 'आँसू-बैंक' स्थापित किया। यह वास्तव में एक पुराना वाटर कूलर था जिस पर उन्होंने 'संवेदना संग्राहक' लिखवा दिया था। उन्होंने गांव वालों को पट्टी पढ़ाई कि जो भी व्यक्ति उन्हें वोट देने की प्रतिज्ञा करेगा, उसके जीवन के सारे 'सामाजिक कर्तव्य' यह मशीन स्वचालित रूप से निभा देगी। विपक्षी उम्मीदवार 'सीधे सादे राम' खड़ंजे और हैंडपंप की बात कर रहे थे, लेकिन जनता को तो उस भविष्य की चिंता थी जहाँ उन्हें किसी की तेहरवीं में बैठकर झूठी उदासी नहीं दिखानी पड़ेगी। घपलेराम ने कुछ भाड़े के कलाकारों को बुलाकर गांव में एक 'मॉक विलाप' करवाया, जिसे देखकर ग्रामीणों को लगा कि अब उनकी आत्मा का बोझ हल्का हो गया है। लोग अपनी मेहनत की कमाई घपलेराम के चरणों में अर्पित करने लगे ताकि उनका सामाजिक जीवन 'ऑटो-पायलट' मोड पर आ सके।

जिस दिन चुनाव का परिणाम आया और घपलेराम की प्रचंड जीत हुई, पूरा गांव अपने 'संवेदना कूपन' लेने उनके घर पहुँचा। लोग चाहते थे कि अगले हफ्ते होने वाली एक शादी और दो मुंडनों के लिए घपलेराम अपने 'प्रोफेशनल प्रतिनिधि' भेजें। घपलेराम अपनी नई सफारी गाड़ी से उतरे और सबके हाथ में एक-एक पत्थर थमाते हुए बोले— 'भाइयों, संवेदनाएं आउटसोर्स नहीं होतीं, सिर्फ बेची जाती हैं!' जनता हक्की-बक्की रह गई, 'हुजूर, हमारे उन प्रोफेशनल रोने वालों का क्या हुआ?' घपलेराम ने चश्मा ठीक किया और ठहाका मारकर बोले, 'मूर्खों! रोने वाले तो तुम खुद हो जो अगले पांच साल तक अपनी इस बेवकूफी पर मातम मनाओगे। मैंने तो तुम्हारी भावनाओं का सौदा करके शहर में अपना 'इवेंट मैनेजमेंट' का दफ्तर खोल लिया है। अब इन पत्थरों को अपने सीने पर रखो और खुद के भाग्य पर रोना शुरू करो।' जनता सन्न खड़ी उस सूखे वाटर कूलर को देख रही थी और घपलेराम 'इमोशनल बिजनेस' की धूल उड़ाते हुए शहर की ओर उड़नछू हो गए।

# अनुशासन से आई चुस्ती (बाल कहानी)



शेखू मेहनती व होशियार लड़का था। स्कूल में भाषण प्रतियोगिता होनी थी। पुरस्कारों में महंगे उपहार मिलने थे। सब विद्यार्थी उत्साहित थे। अपने अध्यापक के कहने पर शेखू ने भी प्रतियोगिता में नाम लिखवा दिया। पापा की मदद से उसने अच्छी प्रभावशाली शब्दावली वाला भाषण तैयार कर लिया। शेखू को कई साल तक यह पता नहीं था कि उसका नाम ऐतिहासिक है।

बचपन से उसे राजकुमारों की तरह एक टांग मोड़कर उस पर दूसरी टांग टिकाकर हाथ में दूध की बोतल पकड़कर आराम से दूध पीने की आदत रही। धीरे धीरे बड़ा हुआ तो उसकी आदतों में आलस शुमार होने लगा। स्कूल में सहपाठियों ने उसके नाम का अर्थ पूछा तो उसे पता नहीं था। उसने अपने पापा से पूछा तो बताया कि तुम्हारा नाम महान कहे जाने वाले मुगल सम्राट अकबर के बेटे सलीम के नाम पर है। सलीम को घर में प्यार से शेखू पुकारा जाता था। शेखू यह सुनकर बहुत खुश हुआ और उसके दोस्त बोले, क्या नाम है तुम्हारा वाह!

शेखू मेहनती व होशियार लड़का था। स्कूल में भाषण प्रतियोगिता होनी थी। पुरस्कारों में महंगे उपहार मिलने थे। सब विद्यार्थी उत्साहित थे। अपने अध्यापक के कहने पर शेखू ने भी प्रतियोगिता में नाम लिखवा दिया।

पापा की मदद से उसने अच्छी प्रभावशाली शब्दावली वाला भाषण तैयार कर लिया। उधर दूसरे प्रतियोगी भी तैयारी में जुटे थे सबकी नज़र बढ़िया पुरस्कारों पर थी। पापा ने समझाया कि तुम अपना भाषण निश्चित समय में खत्म करने के लिए सही स्पीड से बोलना। प्रतियोगिता के दिन वह अच्छी तैयारी करकर आया था। उसके बोलने के तरीके व सही उच्चारण की सभी ने तारीफ़ की। खूब तालियाँ बटोरीं उसने पर एक गड़बड़ कर दी। भाषण धीमी रफ़्तार से दिया तभी उसे निश्चित अवधि से ज्यादा समय लग गया। मुख्य निर्णायक ने निणर्य सुनाने से पहले कहा कि शेखू की प्रस्तुति सर्वोत्तम थी उसे प्रथम पुरस्कार मिलता यदि उसने अपना बढ़िया भाषण निश्चित समय में पूरा कर लिया होता। उसे दूसरा पुरुस्कार मिला। शेखू जब घर लौटा तो उसके दिमाग में पहली बार कुछ चल रहा था। उसने मम्मी पापा को बताया तो उन्होंने अगली बार चुस्ती से प्रयास करने को प्रेरित किया। अपने कमरे में जाकर आँखें मीचकर वह कुछ देर अकेला बैठा रहा फिर एक कागज़ पर बार बार कुछ लिखता रहा। कुछ देर बाद उसके पापा ने आकर उसे प्यार से समझाया कि यूं उदास हो जाने से कुछ नहीं होगा। घबराओ मत यह तो आपके जीवन की पहली प्रतियोगिता थी। अभी तो तुमने सैकड़ों प्रतियोगिताओं में शामिल होना है।

जीवन एक प्रतियोगिता है जिसमें जीत हार तो चलती रहती है। तुम्हें अपने आप से वायदा करना है कि तुम सुस्ती छोड़ दोगे और अपने सभी प्रयास पूरी मेहनत, निश्चित समय में तत्परता से करोगे। शेखू ने नीची नज़र कर वह कागज़ पापा को थमा दिया था। जिस पर सुन्दर शब्दों में सौ बार लिखा हुआ था, पापा अब मैं सुस्ती नहीं करूंगा। उसकी आँखों में निश्चय की चमक थी वह बदल चुका था। पापा ने उसे एक घड़ी उपहार में दी और कहा यह लो कल से अलार्म लगाकर उठना और अपना वादा निभाना। अगली सुबह सचमुच अच्छी रही शेखू ने अलार्म बजते ही बिस्तर छोड़ दिया था और कुछ देर व्यायाम के बाद पढ़ने बैठ गया था। उसके जीवन में चुस्ती प्रवेश कर चुकी थी।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762


मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
काशी रत्न
काशी भूषण
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Neelam stone
Pokhraj stone
Panna stone
Manik stone
Moonga stone
Opal stone
Lahsuniya stone
Firoza stone
Gomed Stone
Diamond stone
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
1 Mukhi Rudraksh
7 Mukhi Rudraksh
Trijugi Rudraksh
9 Mukhi Rudraksh
12 Mukhi Rudraksh
14 Mukhi Rudraksh
21 Mukhi Rudraksh
Ganesh Rudraksh
Gauri Shankar Rudraksh
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682